

# सेमीफाइनल में जोकोविच और अल्कारेज

## यूएस ओपन में जोकोविच ने फ्रिट्ज को हराया, अल्कारेज ने जिरी लेहेको को सीधे सेट में हराया



### भांबरी ने किया कमाल, जूनियर बाहर

भारत के लिए इस टूर्नामेंट में सबसे बड़ी खबर पुरुष युगल से आई, जहां युकी भांबरी ने अपने जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ मिलकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 14वीं वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने चौथे वरीयता प्राप्त केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज को 6-4, 6-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला 11वीं वरीयता प्राप्त निकोला मेक्टिक और राजीव राम की जोड़ी से होगा। हालांकि, जूनियर वर्ग में भारत को निराशा हाथ लगी, जहां माया राजेशवरन रेवती सहित सभी भारतीय खिलाड़ी अपने-अपने मुकाबलों से बाहर हो गए। महिला युगल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कैटेरिना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड की जोड़ी ने वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में 6-1, 6-2 से हराकर बाहर कर दिया। मैच के बाद, 45 वर्षीय वीनस विलियम्स ने साफ कर दिया कि वह फिलहाल टेनिस खेलना जारी रखेंगी।





**न्यूयॉर्क 3 सितम्बर** साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम, यूएस ओपन 2025 में रोमांच अपने चरम पर है। पुरुष एकल में महान खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और युवा सनसनी कार्लोस अल्कारेज ने अपनी-अपनी जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

अब ये दोनों खिलाड़ी फाइनल में जगह बनाने के लिए आमने-सामने होंगे। वहीं, महिला एकल में मौजूदा चैंपियन एरीना सबालेंका को वॉकओवर मिला, जबकि भारतीय खिलाड़ी युकी भांबरी ने अपने करियर में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर इतिहास रच दिया। अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में जुटे नोवाक जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से मात दी। यह फ्रिट्ज के खिलाफ जोकोविच की लगातार 11वीं जीत थी। जीत के बाद, जोकोविच ने अपनी बेटी के जन्मदिन का जश्न मनाते हुए एक खास डांस किया, जिसकी काफी चर्चा हो रही है। दूसरी ओर, दूसरे वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज ने चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को सीधे सेटों में 6-4, 6-2, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। खास बात यह है कि इस टूर्नामेंट में अल्कारेज ने अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया

### महिला एकल में सबालेंका को मिला वॉकओवर



महिला एकल में डिफेंडिंग चैंपियन एरीना सबालेंका को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिल गया, क्योंकि उनकी क्वार्टर फाइनल प्रतिद्वंद्वी मार्केटा वोंद्रोसोवा ने चोट के कारण मैच से नाम वापस ले लिया। अब सेमीफाइनल में सबालेंका का सामना अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगा। यह पिछले साल के फाइनल की पुनरावृत्ति होगी। सबालेंका ने सोशल मीडिया पर वोंद्रोसोवा के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।



दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल

# वेस्ट बनाम सेंट्रल के बीच होगा मुकाबला

- श्रेयस अय्यर की वापसी से होगी रोचक टक्कर
- सेंट्रल जोन को कुलदीप और जुरेल की कमी

**बेंगलुरु, 03 सितंबर.राष्ट्रीय टीम में वापसी की राह देख रहे श्रेयस अय्यर और देवदत्त पडिक्कल गुरुवार से बेंगलुरु में शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबलों में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। वेस्ट ज़ोन की टीम सेंट्रल ज़ोन से भिड़ेगी, जबकि साउथ ज़ोन का सामना नॉर्थ ज़ोन से होगा। दोनों ही टीमों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींचना चाहेंगे।**

एशिया कप के लिए भारत की टी20 टीम से श्रेयस अय्यर का बाहर होना काफी बहस का विषय रहा था। वेस्ट ज़ोन की टीम में वे मुख्य आकर्षण होंगे, जो बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में सेंट्रल ज़ोन के खिलाफ उतरेंगी। पंजाब किंग्स को 2025 आईपीएल फाइनल में नेतृत्व करने के बाद यह अय्यर का पहला प्रतिस्पर्धी मैच होगा। वेस्ट ज़ोन के ड्रेसिंग रूम में उन्हें युवा यशस्वी जायसवाल का साथ मिलेगा, जो एशिया कप टीम में जगह नहीं बना पाए और अब रनों का अंबार लगाकर चयनकर्ताओं की नजर में बने रहना चाहेंगे।

दूसरी ओर, सेंट्रल ज़ोन के पास रजत पाटीदार, शुभम शर्मा और दानिश मालेवर जैसे खिलाड़ी हैं। इस तिकड़ी ने कमजोर नॉर्थ ईस्ट ज़ोन के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में शानदार स्कोर बनाए थे। हालांकि, सेंट्रल ज़ोन को बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव की कमी खलेगी, जिन्हें भारतीय टीम में बुलाया गया है।

अन्य सेमीफाइनल में, सीधे अंतिम चार में जगह बनाने वाली साउथ ज़ोन की टीम नॉर्थ ज़ोन से भिड़ेगी। कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल और तमिलनाडु के एन. जगदीशन बल्लेबाजी यूनिट का नेतृत्व करेंगे, जिन्हें केरल के मोहम्मद अजहरुद्दीन और सलमान निज़ार का समर्थन मिलेगा। तेज गेंदबाज वी. कौशिक, जो हाल ही में कर्नाटक से गोवा आए हैं, नई गेंद से खतरनाक साबित हो सकते हैं।

**टीमें**

**वेस्ट ज़ोन (संभावित)-** यशस्वी जायसवाल, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), ऋतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, शिवालिक शर्मा, जयमीत पटेल, शार्दुल ठाकुर (कप्तान), शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, तुषार देशपांडे, धर्मेंद्रसिंह जडेजा/अर्षन नागवासवाला।

**सेंट्रल ज़ोन (संभावित)-** आयुष पांडे, दानिश मालेवर, शुभम शर्मा, रजत पाटीदार (कप्तान), उपेंद्र यादव/अक्षय वाडकर (विकेटकीपर), यश राठौड़, दीपक चाहर, हर्ष दुबे, मानव सुथर, आदित्य ठाकरे, खलील अहमद।

एक नजर में

### श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को दी शिकस्त

**हरारे.** कामिंडु मेंडिस की नाबाद 41 रन की तूफानी पारी से श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को पहले टी-20 मुकाबले में बुधवार को पांच गेंद शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दे दी। जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट (81) और कप्तान सिकंदर रजा (28) के दम पर 20 ओवर में सात विकेट पर 175 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन श्रीलंका ने 191 ओवर में छह विकेट पर 177 रन बनाकर जीत अपने नाम की और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की ब ?त बना ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका को पथुम निसंका और कुसल मेंडिस ने 96 रन की शानदार शुरुआत दी। निसंका ने 55 और मेंडिस ने 38 रन बनाये। लेकिन इसके बाद श्रीलंका ने विकेट गंवाए और 17 ओवर में उसका स्कोर छह विकेट पर 142 रन हो गया। कामिंडु मेंडिस ने मात्र 16 गेंदों में चार छक्के उ ?ाते हुए नाबाद 41 रन ठोके और श्रीलंका को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। दुशान हेमंता ने नौ गेंदों में नाबाद 14 रन बनाकर कामिंडु मेंडिस का अच्छा साथ दिया।

### जापान ने चीनी ताइपे को हराया

**राजगीर.** जापान की हॉकी टीम ने बुधवार को हीरो एशिया कप 2025 में पांचवे से आठवें स्थान के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को हरा दिया। आज यहां बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी स्टेडियम में खेले गए हीरो एशिया कप 2025 के मुकाबले में जापान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को 2-0 से शिकस्त दी। मैच की शुरुआत से ही जापान ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले क्वार्टर में योंसूके शिनोहारा के किये गये दो गोलों की बदौलत से बढ़त बनाई और इसके बाद जापान की रक्षापंक्ति और गोलकीपर कुरोदा किशो ने अगले तीनों क्वार्टर में चीनी ताइपे को कोई गोल नहीं करने दिया।

### डॉ. उम्माचेरिल मेडिकल कमेटी में चुने गए

**नईदिल्ली.** भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि के तहत, भारतीय तीरंदाजी संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. जोरिस पॉलोस उम्माचेरिल को ग्वांगजू, दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व तीरंदाजी की 56वीं कांग्रेस में मेडिकल और स्पोर्ट्स साइंस कमेटी का सदस्य चुना गया है। इस कमेटी में पांच सदस्य होते हैं, जिनमें से कम से कम तीन सदस्य योग्य डॉक्टर होने चाहिए।49 वर्षीय डॉ. उम्माचेरिल, जो खुद एक पूर्व तीरंदाज हैं, पिछले 15 सालों से ् से जुड़े हुए हैं। इस चुनाव पर खुशी जताते हुए उन्होंने कहा, 卐मैं अपने अध्यक्ष अर्जुन मुंडा जी, महासचिव वीरेंद्र सचदेवा जी, अनिल कामिनेनी जी और आप सभी का उनके समर्थन और मुझ पर विश्वास के लिए तहे दिल से धन्यवाद करता हूं।卐 इसी कांग्रेस में, भारत के इंद्रनील दत्ता को भी विश्व तीरंदाजी की जजेस कमेटी के लिए फिर से चुना गया है।

### राउंडग्लास एकेडमी ने जीता खिताब

**नई दिल्ली.** बालबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित पंजाब जूनियर हॉकी लीग के फाइनल में राउंडग्लास एकेडमी ने एक बेहद रोमांचक शूटआउट में नेवल टाटा एकेडमी, जमशेदपुर को 3-0 से हरा दिया। निर्धारित समय में दोनों टीमें 4-4 से बराबर थीं। राउंडग्लास के गोलकीपर जीवन सिंह मैच के हीरो रहे, जिन्होंने शूटआउट में नेवल टाटा टीम की तीनों पेनल्टी बचाईं। वहीं, जपित सिंह, अर्शदीप सिंह और सनी सिंह ने अपनी पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम को जीत दिलाई।अन्य मैचों में, साई, सोनीपत ने सुरजीत एकेडमी को 1-0 से हराकर अपनी तीसरी लगातार जीत दर्ज की।

### अन्रिका और देवव्रत ने जीता पहला चरण

**नईदिल्ली.** पूर्व पदक विजेता अन्रिका चेंदिर ने 2025 स्किड्स गोल्फ इंडिया के सीज़न का शानदार आगाज करते हुए पहले चरण का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने अंतिम राउंड में 3-अंडर 69 का स्कोर बनाया और गर्ल्स 11-12 कैटेगरी में आन्या दंडरियाल को चार स्ट्रोक से हराया। लड़कों की कैटेगरी में देवव्रत सिंह राजावत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-अंडर 69 का कार्ड खेला और बॉयज 13-14 कैटेगरी में आठ स्ट्रोक से जीत हासिल की।

### अमृत और लक्ष्य संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**पटना.** चंडीगढ़ के अमृत लाल (70-70) और नोएडा के लक्ष्य नागर (68-72) ने क्रमश: दो अंडर 70 और इवन-पार 72 का स्कोर बनाकर पटना गोल्फ क्लब द्वारा आयोजित पीजीटीआई नेक्सजेन 2025 में दूसरे दिन का अंत कुल चार अंडर 140 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर किया। लखनऊ के संजीव कुमार (70) और जमशेदपुर के कुरुश हीरजी (71) दो अंडर 142 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे, जो शीर्ष पर चल रहे गोल्फरों से दो शॉट पीछे थे। मोहम्मद नवाब (71) दो ओवर 146 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर रहे।

# सिकंदर रजा बने नंबर एक वनडे ऑलराउंडर

## आईसीसी रैंकिंग में लगाई छलांग



**चेन्नई, 03 सितंबर। जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ खेली गई दो मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी की नवीनतम वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह उमरजाई को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया।**

रजा ने सीरीज के पहले मैच में 87 गेंदों में तेज 92 रन की पारी खेली और दूसरे मैच में भी नाबाद 59 रन बनाए, भले ही जिम्बाब्वे दोनों मैच हार गया। उनके इस प्रदर्शन से उन्हें वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में भी फायदा हुआ है, जहां वे नौ पायदान की छलांग लगाकर 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पथुम निसांका, जिन्होंने दो मैचों में 122 और 76 रन बनाए, वे 13वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि जनित लियानागे ने 29वें स्थान पर जगह बनाई। गेंदबाजी रैंकिंग में तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो (छह स्थान ऊपर चढ़कर 31वें) और दिलशान मदुशंका (आठ स्थान ऊपर चढ़कर 52वें) श्रीलंकाई खिलाड़ियों में सबसे अधिक फायदे में रहे वहीं, केशव महाराज ने वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में 31 अंकों की बढ़त बना ली है।

**वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में 22वें स्थान पर**

# चोटिल संदेश झिंगन सीएएफए नेशंस कप से बाहर

**नयी दिल्ली, 03 सितंबर (वार्ता) अफगानिस्तान के खिलाफ सीएएफए नेशंस कप के अंतिम ग्रुप मैच से पहले भारत को बड़ा झटका लगा है। डिफेंडर संदेश झिंगन चोट के कारण टूर्नामेंट के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक बयान में कहा, डिफेंडर संदेश झिंगन को ईरान के खिलाफ भारत के सीएएफए नेशंस कप 2025 मैच के दौरान चोट लग गई थी और वह बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। वह आज भारत लौटेंगे। भारतीय टीम ग्रुप बी में अपने अखिरी मैच में गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरेगी और उसे तीसरे-चौथे स्थान के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए यह मैच जीतना होगा। प्रतियोगिता में पहली बार खेल रहे भारत के लिए पोडियम पर जगह बनाना एक बड़ी उपलब्धि होगी।

- एआईएफएफ का सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट

# सारा तेंदुलकर किसके साथ गई थी गोवा?

## कौन है वायरल फोटो में सचिन तेंदुलकर की पुत्री के साथ लड़का



**नई दिल्ली 3 सितम्बर.** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर ने हाल ही में अपना एक बिजनस शुरू किया है, उन्हें घूमने का भी काफी शौक है. उनकी कुछ फोटो एक ल ?के के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जो गोवा की बताई जा रही हैं. तस्वीरों में सारा के साथ वो लड़का कौन है? इसको लेकर सोशल मीडिया पर तरह तरह की बातें हो रही है.

सारा तेंदुलकर और इस शख्स की कई फोटो साथ में हैं, और इन फोटो को देखकर साफ कहा जा सकता है कि दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग और दोस्ती है. बता दें कि इस शख्स ने सचिन तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर के साथ भी फोटो शेयर की हुई है. वह आईपीएल मैचों में भी सारा तेंदुलकर के साथ गए थे.

> सारा तेंदुलकर के साथ नजर आ रहे शख्स का नाम सिद्धार्थ केरकर है, जो एक कलाकार हैं. सारा इंस्टाग्राम पर भी उन्हें फॉलो करती हैं, उनके 90 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं. वह गोवा में ही रहते हैं. उनकी प्रोफइल में उनकी कई फोटो सारा तेंदुलकर के साथ भी हैं, जिसमें एक फोटो आईपीएल के दौरान वानखेड़े स्टेडियम का है.

# वॉल्वार्ड होंगी दक्षिण अफ्रीका की कप्तान

## विश्व कप के लिए टीम का ऐलान



**चेन्नई, 03 सितंबर.** आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 के लिए दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। टीम की कमान अनुभवी बल्लेबाज लॉरा वॉल्वार्ड के हाथों में होगी।

टीम में वॉल्वार्ड के अलावा, अनुभवी चौकड़ी क्लो ट्रायोन, मारिजाने कैप, अयाबोंगा खाका और सुने लुस को भी शामिल किया गया है। विस्फोटक बल्लेबाज तजमीन ब्रिट्स, के साथ ऑलराउंडर नादिन डी क्लर्क, एनेके बॉश, एनेरी डर्कसेन और नोन्डुमिसो शंगासे को भी टीम में जगह मिली है, जो टीम की ताकत को और बढ़ाएंगी। गेंदबाजी विभाग में बाएं हाथ की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा शामिल हैं, जबकि मासाबाटा क्लास और टुमी सेखुखुने तेज गेंदबाजी का विकल्प प्रदान करेंगी। इस बीच, युवा ऑलराउंडर मियाने स्मिट को ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर टीम के साथ रखा गया है।

**अनुभवी बल्लेबाज ट्रायोन और कैप शामिल**
**गेंदबाजी में म्लाबा, क्लास और सेखुखुने प्रमुख**

विश्व मुक्केबाजी स्पर्धा | पुरुष और महिला टीम में अनुभव व युवा खिलाड़ियों का संतुलन

# लिवरपूल में लवलीना और निकहत के नेतृत्व में होंगे मुकाबले



**नयी दिल्ली, 03 सितंबर।** ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और विश्व चैंपियन निकहत जरीन जैसी दिग्गज मुक्केबाजों के नेतृत्व में, 20 भारतीय मुक्केबाज लिवरपूल में 4 से 14 सितंबर तक एम एंड एस बैंक एरिना में आयोजित होने वाली पहली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में दुनिया के कुछ शीर्ष मुक्केबाजों के साथ कई श्रेणियों में मुकाबला करेंगे।

यह द्विवार्षिक चैंपियनशिप दुनिया भर के बेहतरीन शौकिया मुक्केबाजों को एक साथ लाएगी, जहाँ भारत इस साल की शुरुआत में ब्राजील और कजाकिस्तान में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप में 17 पदक जीतने के बाद शीर्ष फॉर्म में है। भारत हाल ही में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन के आधार पर, मजबूत लय के साथ इस टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहा है। ब्राजील में हुए विश्व मुक्केबाजी कप में, भारतीय दल ने छह पदक जीते, जिनमें हितेश ने एक स्वर्ण और अभिनाश जामवाल ने एक रजत पदक जीता, साथ ही चार कांस्य पदक भी जीते। यह अंतरराष्ट्रीय सफलता कजाकिस्तान में हुए विश्व मुक्केबाजी कप में भी जारी रही, जहाँ भारत की निरंतरता और गहराई दोनों ही निखर कर सामने आईं और दल ने तीन स्वर्ण सहित 11 और पदक जीते।

> पुरुष टीम के कोच धर्मेंद्र सिंह यादव ने कहा, 卐शेफील्ड में हमारी तैयारी असाधारण रही है। यह टीम अनुभवी खिलाड़ियों का एक शक्तिशाली मिश्रण है, जो पहले भी पोडियम पर पहुँच चुके हैं, और अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली युवा मुक्केबाजों की एक नई लहर है जो अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।卐

> महिला टीम के कोच डॉ. चंद्रलाल ने कहा, 卐इस टीम का समर्पण और कड़ी मेहनत वाकई प्रेरणादायक है। हमने मेहनत की है, हमने नींव रखी है, और अब हम भारतीय महिला मुक्केबाजी का असली जुझारूपन दिखाने के लिए तैयार हैं।

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा) की मौजूदगी से मजबूत हुई है, जो अनुभव, तकनीकी निपुणता और वैश्विक अनुभव का एक अद्भुत मिश्रण लेकर आई हैं। इस टीम में कुशल पदक विजेता एथलीट हितेश (70 किग्रा), अभिनाश (65 किग्रा), नुपुर (80 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा), मीनाक्षी (48 किग्रा), साक्षी (54 किग्रा), जैस्मीन (57 किग्रा), संजू (60 किग्रा), नीरज फोगट (65 किग्रा) और टी. सनमाचा चानू (70 किग्रा) शामिल हैं।

टीम में उभरते हुए पुरुष खिलाड़ियों जदुमणि सिंह मंदेंगबाम (50 किग्रा), पवन बर्तवाल (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) शामिल हैं.